## एक नजर में



### महापौर ने की स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा

उज्जैन। शहर की सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखते हुए वार्डों में सफाई व्यवस्था समुचित रूप से हो, पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा बताई गई। सफाई से संबंधित शिकायतों का तत्काल निराकरण किया जाए। जिन क्षेत्रों में कचरा गाड़ी नहीं पहुंच रही है वहां पर कचरा गाड़ी समय से पहुंचे, खुले में थूकते पाए जाने पर चालानी कार्रवाई करें। उक्त निर्देश बुधवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए गए। बैठक में महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निर्देशित किया गया कि उज्जैन शहर धार्मिक शहर है प्रतिदिन यहां पर बाहर से यात्री एवं श्रद्धालु आते हैं। इसलिए धार्मिक स्थलों के साथ-साथ सार्वजनिक शौचालय की नियमित रूप से सफाई व्यवस्था सुनिश्चित हो, वार्डों में नाले नालियों की विशेष सफाई हो, गलियों में स्थित बैक लाइन साफ, स्वच्छ एवं सुंदर रहे गंदगी नहीं हो इस बात का विशेष ध्यान रखें जहां पर कचरा गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही है उस क्षेत्र में कचरा गाड़ियां पहुंचाई जाए। शहर की स्वच्छता को बनाए रखना हमारी जिम्मेदारी एवं कर्तव्य है। साथ ही महापौर ने सभी स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया गया कि प्रायः यह देखने में आता है। कि श्वान मालिक द्वारा अपने श्वान को खुले स्थान, सार्वजनिक उद्यानों में घुमाते समय शौच करवाई जाती है। जिसके कारण गंदगी होती है इसलिए संबंधित श्वान मालिकों पर सख्त रूप से चालानी कार्रवाई की जाए साथ ही खुले में कचरा फेंकने वालों पर भी चालानी कार्रवाई करें। बैठक में अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, उपायुक्त योगेंद्र सिंह पटेल, मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, स्वास्थ्य अधिकारी हरीश व्यास, कालूराम सोलंकी, आनंदे विजय सिंह राठौड़, सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा एवं मेट उपस्थित रहे।

### 14 नवंबर से प्रारंभ होगा सहकारी सप्ताह

उज्जैन। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत 72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के आयोजन 14 नवम्बर से 20 नवम्बर तक, सहकारिता विभाग संभाग उज्जैन व उपायुक्त सहकारिता जिला उज्जैन एवं जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में जिले की विशिष्ट सहकारी संस्थाओं में किये जावेंगे। सहकारी सप्ताह का शुभारम्भ 14 नवम्बर को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, भरतपुरी उज्जैन में दोपहर 1 बजे सहकारिता का ध्वज झंडावंदन कर किया जावेगा। 15 नवम्बर को सुबह 10 बजे, लोक स्वास्थ्य कर्मचारी साख सहकारी संस्था मर्यादित, पानी की टंकी चामुंडा माता चौराहा उज्जैन, 16 नवम्बर को दोपहर 12 बजे दुग्ध सहकारी संस्था मर्यादित, कढ़ाई तहसील तराना में, 17 नवम्बर को दोपहर 12 बजे श्री. पेक्स सहकारी संस्था मर्यादित, नलवा में, 18 नवम्बर को दोपहर 03.30 बजे उज्जैन नागरिक सहकारी बैंक मर्यादित, घड़ियाला काम्पलेक्स उज्जैन में, 19 नवम्बर को सुबह 11 बजे दुग्ध सहकारी समिति मर्यादित, पंचायत भवन पंथपिपलई में व 20 नवम्बर को दोपहर 12 बजे महिला नारी शक्ति साख सहकारी संस्था मर्यादित, 105, मनी एवेन्यु वेद नगर, बैंक ऑफ इंडिया के सामने उज्जैन पर सहकारी सप्ताह के कार्यक्रम आयोजित किये जावेंगे। सभी सहकारिता जन प्रतिनिधि, सहकारी संस्थाओं के सदस्य, कृषक, एवं समस्त सहकारी बंधु आमंत्रित है।



### जनअभियान परिषद ने किया पौधारोपण

उज्जैन। जन अभियान परिषद चयनित नवांकुर संस्था देवी अवंतिका सामाजिक युवा कल्याण समिति सेक्टर पंथ पिपलाई में समिति की अध्यक्ष करुणा शितोले ने बैठक ली। परिषद के सारे कार्यों पर चर्चा की। महिला मंडल के लिए भी बातचीत हुई समिति की बैठक के बाद आम के दो पौधा समिति के नाम से अस्पताल में लगाए गए एवं छायन गांव में आम, जामुन, नारियल, पाम के 50 पौधे लगाए पौधों को बड़ा करने की जिम्मेदारी भी समिति ने ली। बैठक में मिथिलेश शर्मा ने सभी का परिचय कराया। समिति में सर्व सम्मिति से मनोज पाटीदार को अध्यक्ष बनाया। बैंक में अकाउंट खोलने की प्रक्रिया जल्द करेंगे। बैठक में मिथिलेश शर्मा, दीपक, महेश पाटीदार, जितेंद्र पाटीदार विशेष रूप से उपस्थित थे। आभार नवांकुर संस्था अध्यक्ष करुणा शितोले ने माना।



### काल भैरव को छप्पन भोग समर्पित किए

उज्जैन। काल भैरव अष्टमी के अवसर पर काल भैरव मंदिर परिसर में एस्क्लेपियस वेलनेस फाउंडेशन द्वारा भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान भगवान काल भैरव को छप्पन भोग अर्पित किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। स्वामी संत सुदर्शनाचार्य महाराज एवं महंत साध्वी अन्नपूर्णा गुरु माता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भगवान काल भैरव को 56 प्रकार की मदिरा एवं 56 प्रकार के भोग समर्पित किए गए। साथ ही मंदिर में दर्शन हेतु आने वाले भक्तों के लिए दिनभर प्रसादी का वितरण किया गया। भंडारे का शुभारंभ सुबह 9 बजे किया गया, जो देर शाम तक निरंतर चलता रहा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर महाप्रसादी का लाभ लिया। गुरुजी ने कहा कि आज जो भी हम कर रहे हैं, वह सब भगवान की ही इच्छा से हो रहा है। भगवान ने ही हमें यह अवसर प्रदान किया है। हम भगवान काल भैरव से देश में सुख-शांति और समृद्धि की कामना करते हैं।

### प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

उज्जैन। कार्तिक मेला प्रांगण में केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर केंद्रित विकसित भारत केंद्रित प्रदर्शनी 10 दिनों के लिए लगाई जा रही है। जिसका शुभारंभ 13 नवंबर को किया जाएगा। जिसके प्रचार प्रसार हेतु बुधवार को नगर निगम मुख्यालय से महापौर मुकेश टटवाल ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस प्रदर्शनी में केंद्र सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम और योजनाओं के बारे में विस्तार से मल्टीमीडिया के माध्यम से जानकारी दी जाएगी। साथ ही संवाद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रश्न मंच जैसे कार्यक्रमों भी आयोजित होंगे। इस दौरान एमआईसी सदस्य कैलाश प्रजापत, केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रचार अधिकारी दिलीप सिंह परमार उपस्थित रहे।

### आज गुरुवारिया हाट बाजार नहीं लगेगा

उज्जैन। प्रति सप्ताह गुरुवार को हरिफाटक ब्रिज के नीचे हाट बाजार लगता है। जिसमें काफी संख्या में नागरिक हाट बाजार में सब्जी खरीदने मय वाहन से आते हैं। क्योंकि वर्तमान में ब्रिज के नीचे टाटा कंपनी द्वारा सीवरेज लाइन का काम किया जा रहा है। जिसके कारण काफी क्षेत्र की रोड खुदी हुई है इसलिए हाट बाजार लगेगा तो यातायात बाधित होगा एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहेगी। इसलिए आज गुरुवार को लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार नहीं लगेगा। इस हेतु बुधवार को हरिफाटक ब्रिज के नीचे स्थित हाट बाजार नहीं लगने की मुनादी नगर निगम ने करवा दी है।

# महाकाल मंदिर में सिक्योरिटी ठेका लेने के लिए 7 कंपनियों ने डाला टेंडर

## टेक्निकल बिड खोली गई, दस्तावेजों की जांच पड़ताल हुई शुरू, परचुरे भवन के मामले में हाई कोर्ट से मिली नई तारीख

उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकालेश्वर मंदिर में 20 करोड़ के सिक्योरिटी टेंडर के लिए 7 कंपनियों ने ऑनलाइन बोली लगाई है। कंपनी ने जो दस्तावेज उपलब्ध कराए है, उनकी जांच पड़ताल का दौर प्रारंभ हो गया है। उधर महाकाल मंदिर के सामने गणेश परचुरे के मकान को हटाने के केस में कोर्ट से नई तारीख मिल गई है।

बुधवार से महाकालेश्वर मंदिर में सुरक्षा व्यवस्था का नया ठेका देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। महाकाल मंदिर प्रबंध समिति ने 6 नवंबर को सिक्योरिटी कंपनी के लिए टेंडर आमंत्रित किए थे और मंगलवार, 12 नवंबर को ये टेंडर। तकनीकी तौर पर खोल दिए गए हैं। यह सिक्योरिटी टेंडर लगभग 20 करोड़ रुपए का है। टेंडर फॉर्म की कीमत 30,000 रखी गई थी और कंपनियों से 50 लाख अर्नेस्ट मनी की मांग की गई थी। सबसे बड़ी बात इस ठेके की यह रही की राशि नहीं बढ़ाई गई है पूर्व में भी 20 करोड रुपए का प्रावधान किया गया था और अब भी उतनी ही राशि है। पूरी जांच-पड़ताल के बाद जल्द ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि किस कंपनी ने क्या विवरण दिए हैं और महाकाल मंदिर में सिक्योरिटी का यह महत्वपूर्ण टेंडर किस कंपनी को मिलेगा।



### 7 कंपनियों ने डाला ऑनलाइन टेंडर-दस्तावेजों की जांच शुरू

नवभारत से चर्चा में महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कोशिक ने बताया कि कुल 7 कंपनियों ने ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया में भाग लिया है। अब इन कंपनियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की गहन जांच की जा रही है। किस कंपनी को मंदिर में सुरक्षा जिम्मा संभालने का मौका मिलेगा यह जल्द ही पता चलेगा। दस्तावेजों की पुष्टि की जा रही है, टेंडर के दौरान ऑनलाइन जमा की गई जानकारियों और संलग्न किए गए सभी दस्तावेजों की महाकाल मंदिर प्रबंध समिति द्वारा बारीकी से पुष्टि की जा रही है। कंपनियों द्वारा जमा की गई अर्नेस्ट मनी (बयाना राशि) की भी जांच की जा रही है। सात कंपनियों की टेक्निकल बिड खोल दी गई है। सभी तरह की तकनीकी जांच और वेरिफिकेशन पूरा होने के बाद ही आगे की प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। वर्तमान में महाकाल मंदिर में महाराष्ट्र की क्रिस्टल कंपनी लगभग 600 सुरक्षा कर्मियों के साथ कार्यरत है। नई कंपनी को यह ठेका 600 से अधिक सुरक्षा कर्मियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था संभालने के लिए दिया जाएगा। मंदिर प्रबंध समिति की मंशा है कि 2028 के मद्देनजर, मंदिर में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को नई कंपनी के सुरक्षाकर्मी निर्बाध और सुगम दर्शन करा सकें।

### परचुरे भवन में 26 नवंबर की डेट लगी-विवाद की जड़

उज्जैन महाकाल मंदिर के सामने स्थित गणेश परचुरे के भवन को हटाने और उसके मुआवजे को लेकर चल रहे विवाद की सुनवाई अब आगामी 26 नवंबर को होगी। हाईकोर्ट में 12 नवंबर को इस मामले की सुनवाई निर्धारित की गई थी। नवभारत से चर्चा में एसडीएम एल एन गर्ग ने बताया कि मकान मालिक गणेश परचुरे की ओर से कोई वकील उपस्थित नहीं हो सका, जिसके कारण माननीय न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए यह नई तारीख मुकर्रर की है। प्रशासन महाकाल मंदिर के विस्तारीकरण और चौड़ीकरण के लिए परचुरे के भवन को हटाना चाहता है। प्रशासन राज्य शासन की गाइडलाइन के अनुसार मकान मालिक को मुआवजे की राशि देने को तैयार है। हालांकि, मकान मालिक गणेश परचुरे की मांग है कि उन्हें गाइडलाइन के बजाय बाजार मूल्य के आधार पर मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा, परचुरे का कहना है कि वे वर्षों से महाकाल मंदिर के सामने रह रहे हैं, इसलिए उन्हें मुआवजे की राशि के साथ-साथ कोई वैक्याकल्पिक मकान भी उपलब्ध कराया जाए। जिला प्रशासन इस पूरी प्रक्रिया को नियमों के अनुसार और कानूनी दायरे में रहकर संपन्न करना चाहता है।

# चौकीदार के पुत्र ने शराब में मिलाकर पिया जहर, मौत

**उज्जैन। निर्माणाधीन मकान पर चौकीदारी करने वाले वृद्ध के पुत्र ने शराब के साथ जहर मिलाकर पी लिया जिनकी उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। पिता का कहना था कि आगर महिला थाना पुलिस पुत्र को बार-बार बुलाकर परेशान कर रही थी। पुत्र का पत्नी से तलाक का केस न्यायालय में चल रहा है।**

बड़ौद स्थित गांव में रहने वाला लालू मालवीय का परिवार कुछ समय पहले अलकापुरी में अमित पांडया के मकान पर चौकीदारी और मजदूरी करने के लिए आया था। यहीं पर निवास कर कर पूरा परिवार रह रहा था। मंगलवार शाम को लालू मालवीय के 22 वर्षीय पुत्र विशाल ने शराब के साथ मिलकर जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन चरक अस्पताल लेकर पहुंचे रात में उसकी मौत हो गई। आज सुबह पोस्टमार्टम के दौरान पिता ने ने बताया कि विशाल की 2020 में शादी हो गई थी 2 साल तक पत्नी जस्सू भाई साथ रही। इसके बाद छोड़कर चली गई थी। न्यायालय में तलाक का प्रकरण चल रहा है आगर के महिला थाने में जस्सू भाई ने शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके चलते महिला थाना पुलिस बार-बार पुत्र विशाल को बुलाकर परेशान कर रही थी जबकि 22 नवंबर को न्यायालय में तलाक पर फैसला होना है। पिता का कहना था कि पुलिस द्वारा बार-बार बुलाए जाने पर ही परेशान होकर जहरीला पदार्थ खाया है। मामले में मर्ग कायम कर माधव नगर थाना पुलिस ने बॉडी अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपी है।

### चाकू बाजी में एक व्यक्ति की मौत

महिदपुर। बुधवार दोपहर को चाकू बाजी की घटना में एक व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। मामला जिले के महिदपुर तहसील के ग्राम भीमाखेड़ा से सामने आया है। जहां मृतक दौलतराम माली का खेत के रास्ते की बात को लेकर विवाद हो गया। घटना में हुई चाकू बाजी में दौलत राम माली गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें परिजन प्राथमिक उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय महिदपुर ले गए जहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले में पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### ट्रैक्टर ट्रॉली-बाइक की टक्कर में महिला की मौत

उज्जैन। ट्रैक्टर ट्राली और बाइक के बीच हुई टक्कर में महिला और उसके बेटे के साथ ननद गंभीर रूप से घायल हो गई थी। तीनों को अस्पताल लाया गया जहां महिला की मौत हो गई। विजयागंज मंडी की रहने वाली अनीता गेहलोत पति सत्यनारायण बाइक पर अपने पुत्र शैलेंद्र और ननद निर्मला के साथ आगरोद जा रही थी जहां उसके पति का अस्पताल है। रास्ते में अहमदपुरा के यहां ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक को टक्कर मार दी। अनीता उसका पुत्र और ननद तीनों घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए लोगों की मदद से एंबुलेंस अस्पताल लेकर पहुंची। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद अनीता को मृत घोषित कर दिया। बुधवार सुबह पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है घायल पुत्र और ननद का उपचार चल रहा है। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर ट्राली चालक मौके से भाग निकला था। जिसकी तलाश पुलिस द्वारा शुरू की गई है।

# रिश्वत लेने वाले उपपंजीयक कार्यालय के भृत्य को सजा

उज्जैन। रजिस्ट्री की सत्यापित प्रति निकालने के नाम पर रिश्वत लेने वाले उप पंजीकृत कार्यालय के भृत्य को विशेष न्यायालय ने चार साल की सजा सुनाई है। आरोपी के खिलाफ अर्थदंड भी लगाया गया है। मामला इस प्रकार था कि 7 अप्रैल 2021 को तराना के रहने वाले शैलेन्द्रसिंह ने पंवार ने लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी कि मेरे चाचा कमल सिंह पवार को बैंक से लोन लेना है। इसके लिए मकान की रजिस्ट्री की सत्यापित प्रतिलिपि पंजीयन कार्यालय उज्जैन से लेना है। चाचा के पढ़े-लिखे ना होने के कारण, उन्होंने रजिस्ट्री की सत्यापित प्रति, पंजीयन कार्यालय उज्जैन से निकलवाने के लिए मुझसे कहा। रजिस्ट्री की सत्यापित प्रतिलिपि निकलवाने के लिए मैं पंजीयन कार्यालय उज्जैन के नारायण सिंह से मिला तो उसके द्वारा मुझसे 4 हजार रुपए रिश्वत की मांग की गई। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक ने मामले की पुष्टि के लिये उपपुलिस अधीक्षक वेदांत शर्मा को निर्देश दिये। पुष्टि वाइस रिकार्डर से की गई। जिसमें भृत्य नारायणसिंह रावत द्वारा 3 हजार देने के लिये कहा। रिश्वत मांगने की पुष्टि होने पर निरीक्षक दीपक शेजवार ने टीम के साथ उप पंजीकृत कार्यालय पहुंचकर शिकायत कर्ता को रिश्वत की राशि लेकर भृत्य के पास भेजा। उसने रिश्वत के रुपये लिफाफे में रख अभिलेख शाखा की एक अलमारी में छुपा दिया थे। उसी दौरान लोकायुक्त टीम ने उसे पकड़ा था। मामले में प्रकरण दर्ज कर विशेष न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया था। चार साल चली सुनवाई के बाद भृत्य नारायणसिंह रावत को न्यायालय ने चार साल की सजा से दंडित किया है। लोकायुक्त संगठन की ओर से विशेष लोक अभियोजक मनोज कुमार पाठक डीपीओ द्वारा प्रकरण में अभियोजन का संचालन किया गया। आरक्षक संजीव कुमारिया द्वारा अभियोजन संचालन में सहयोग किया गया।

# पुलिस परीक्षा देकर लौट रहे युवकों को डंपर ने कुचला

## एक की मौके पर हुई मौत, दूसरा गंभीर

**उज्जैन। मक्सी रोड पर बुधवार दोपहर बाइक सवार दो युवकों को तेज गति से आए डंपर ने कुचल दिया। दुर्घटना में एक युवक की मौके पर मौत हो गई दूसरा गंभीर रूप से घायल हुआ है। घटना के बाद चालक डंपर लेकर भाग निकला लेकिन गुस्सा आए लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मक्सी रोड पर आए दिन डंपरों से दुर्घटना होना सामने आ रहा है।**




पंवासा थाना पुलिस ने बताया कि दोपहर 2 बजे के लगभग हरसोदन चौराहा पर दुर्घटना होने की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। उससे पहले काफी लोगों की भीड़ जमा हो गई थी और उन्होंने दुर्घटना देखकर चक्काजाम कर दिया था। पुलिस ने लोगों को हटाकर दुर्घटना में घायल हुए दो युवकों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। घायल से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अर्जुन पिता रामचंद्र 26 वर्ष निवासी बोरदा धाकड़ कायथा होना बताया। वहीं मृतक का नाम अजय पिता राधेश्याम धाकड़ 19 साल निवासी बोरदा धाकड़ के होने की बात कही। परिजनों को सूचना देकर घटनास्थल पर जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि घायल और मृतक बाइक पर सवार थे उन्हें सामने से आए डंपर ने टक्कर मारी है। पुलिस के अनुसार डंपर की तलाश की जा रही है। फिलहाल मृतक का पोस्टमार्टम कराकर मर्ग कायम किया गया है। परिजनों ने बताया कि घायल और मृतक दोनों पुलिस परीक्षा देने के लिए प्रशांति कॉलेज आए थे जहां से परीक्षा खत्म होने पर वापस अपने घर लौट रहे थे।

# 2 दिन की रिमांड पर दिल्ली-हरियाणा के तथाकथित नागा साधु

## शाजापुर उज्जैन में कारों को रोक की थी लूटपाट, अर्टिगा कार से आते थे

**उज्जैन। नागा साधु के वेश में कारो को रोक कर लूटपाट करने वाले दिल्ली हरियाणा के बदमाशों को पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश कर दो दिनों की पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। बदमाशों की गैंग पूर्व में दिल्ली और हरियाणा में भी वारदातों को अंजाम दे चुकी है।**

मंगलवार सुबह भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कालियादेह में रहने वाला मंसूर अली पिता बहादुर अली पटेल क्रेटा कार क्रमांक एमपी 09 झेड वी 1999 में परिवार के साथ बहन के यहां हुई संतान को देखने के लिये इंदौर जाने के लिये निकला था। पंवासा स्थित नीमनवासा मोड पर नागा साधु की वेशभूषा में 6 व्यक्ति आये और 4 ने कार के सामने आकर रोक लिया। मंसूर अली की पत्नी हिना से जबरदस्ती 2 सोने की अंगूठियां और पांच हजार रुपए लूट लिए और अर्टिगा कार में सवार होकर भाग निकले थे। सूचना मिलते ही पुलिस ने नाकाबंदी की और वारदात करने वाले 7 साधुओं को नरवर थाना क्षेत्र चेकिंग



पॉइंट पर गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में जिनके नाम अली नाथ पिता धर्मवीर नाथ, 20 साल मंगल कॉलोनी देहा बहती, करनाल रूरल हरियाणा, मनन पिता दिलीप नाथ, 19साल धर्मपुरा कालोनी थाना नजफगढ़ दिल्ली, अरुण पिता मीणा नाथ 25 साल आरके कॉलोनी, मुर्थला जिला सोनीपत हरियाणा, राजेश पिता ऋषिपाल नाथ 41 साल नजफगढ़ साउथ वेस्ट दिल्ली, रुमाल पिता फूलनाथ 60 साल लाल मंदिर के पास, रंगपुरी पहाड़ी नाला कैंप थाना बसंतकुंज दिल्ली, बिरजू पिता मिश्रीनाथ 45 साल इन्द्रा विकास कॉलोनी थाना मुखर्जी नगर दिल्ली और राकेश कुमार पिता सुरेन्द्रसिंह राजपूत 45 साल नंद नगरी साहिबाबाद, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली के रहने वाले है। जिनकी कार को जब्त कर हीना मंसूर अली से लूटे गये आभूषण और नगदी बरामद कर लिया गया है। पंवासा थाना प्रभारी गमर मंडलोई ने बताया कि सभी के खिलाफ लूट का प्रकरण दर्ज कर बुधवार दोपहर न्यायालय में पेश कर किया गया था जिन्हें पूछताछ के लिए दो दिन की डिमांड पर लिया गया है।

### पूछताछ करने शाजापुर पुलिस आई उज्जैन

साधुओं की गैंग ने उज्जैन में की लूट की वारदात से पहले शाजापुर और घट्टिया क्षेत्र में भी इसी तरह कार चालकों को रोक कर लूट की वारदात को अंजाम दिया था और भस्म करने की धमकी देकर भाग निकले थे। दोनों वारदातों के बाद बदमाश उज्जैन पहुंचे थे और तीसरी वारदात की थी लेकिन पुलिस की तत्परता से बदमाश चौथी वारदात को अंजाम नहीं दे सके। साधु के वेश में बदमाशों की गैंग के पकड़ने की खबर मिलते ही बुधवार को शाजापुर की पुलिस पूछताछ के लिए उज्जैन आई। शाजापुर पुलिस को मिले फुटेज के आधार पर पुष्टि हुई की इन्हीं बदमाशों ने इंदौर से सारंगपुर शादी में जा रहे शाहरुख नामक चालक युवक के परिवार से लूट को अंजाम दिया था। पुलिस घटिया क्षेत्र में वारदात का शिकार हुए कार चालक से भी संपर्क करने का प्रयास कर रही है जिसमें डायल 112 पर सूचना दी थी।

**एक नजर** न्होंने कहा आज भगवान महाकाल से संपूर्ण विश्व के कल्याण, शांति और अभ्युदय के लिए प्रार्थना की है

# जगतगुरु प्रज्ञानानंद महाराज और फिल्म अभिनेता विजय राज पहुंचे महाकाल मंदिर





उज्जैन। जगत गुरु स्वामी प्रज्ञानानंद सरस्वती महाराज बुधवार को उज्जैन आए। इस दौरान वे महाकाल के दर्शन करने भी पहुंचे। स्वामी शिष्यों के साथ मंदिर पहुंचे थे। दर्शन के बाद उन्होंने कहा आज भगवान महाकाल से संपूर्ण विश्व के कल्याण, शांति और अभ्युदय के लिए प्रार्थना की है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान में आ रही विभिन्न आपदाओं से निपटने के लिए सरकार को सशक्तता मिले और विश्व में शांति व सद्भाव का वातावरण बने। उनके दर्शन-पूजन के पश्चात मंदिर समिति की ओर से सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने स्वामी का स्वागत किया। इसी प्रकार फिल्म अभिनेता विजय राज ने भी उज्जैन आकर भगवान महाकाल के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मंदिर समिति ने अभिनेता का भी सम्मान किया।

वहीं भैरव अष्टमी के अवसर पर महाकाल मंदिर परिसर में स्थित कोटि तीर्थ कुंड पर विराजित श्री रुद्र भैरव का अभिषेक-पूजन कर श्रृंगार किया गया। इस अवसर पर पुजारी सुरेंद्र चौबे द्वारा 56 भोग लगाकर आरती की गई। आरती में पुजारी ओम गुरु एवं मंदिर के अन्य पंडे-पुजारी व भक्त शामिल हुए। इसी प्रकार मंदिर के सभा मंडप में स्थित श्री वीरभद्र भैरव का भी श्रृंगार कर आरती-पूजन कर भोग लगाया गया। आरती में पुरोहित अनंत गुरु, सुभाष गुरु आदि मौजूद थे।

### मंदिर में वॉटर कूलर दान दिया




यूपी के एटा से आए श्रद्धालु दीपक गुप्ता ने अपनी माताजी स्व. शांति देवी पति स्व. रमेश चंद्र गुप्ता की पुण्य स्मृति में एक वॉटर कूलर दान दिया। जिसकी कीमत करीब 35 हजार रुपए है। मंदिर समिति की ओर से सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने उनका स्वागत कर धन्यवाद दिया। श्री तिवारी ने बताया कि मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले अनेक भक्त कई तरह की सामग्रियां दान करते रहते हैं। इसी क्रम में गुप्ता ने भी वॉटर कूलर दिया जो कि मंदिर द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की जाने वाली जल सेवा में काम आएगा।